RNI NO. - CHHHIN/2011/38292



13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह



Bharatsamman.com Bharat samman Bharat Samman

हो जाओ सावधान

वर्ष-14 अंक-17 — अम्बिकापुर, गुरूवार, 25 अप्रैल 2024 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा का ऐलान- मरने के बाद आपकी आधी संपत्ति सरकार की

## बोले- कांग्रेस सरकार आई तो अमरीका की तरह नया कानून लाएंगे

**रायपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने आज दावा किया कि अगर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई तो वह एक कानून लाने की योजना बना रही है, जिसके तहत जब आप मरेंगे तो आपकी आधी संपत्ति सरकार ले लेगी जिसे उसे गरीबों के बीच बांटने का अधिकार होगा।

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने आगे कहा कि अमेरिका में विरासत पर कर लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 प्रतिशत अपने बच्चों को हस्तांतरित कर सकता है जबकि 55 प्रतिशत सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। लेकिन भारत में रहकर आपने अपनी पीढ़ी के लिए संपत्ति जुटाई और जब आप स्वर्गवासी हो रहे हैं तो आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए, पूरी नहीं, आधी, जो मुझे अच्छी लगती है लेकिन फिलहाल भारत में ऐसा कोई कानून नही है।

पैत्रोदा ने आगे कहा कि मान लीजिए अगर किसी की संपत्ति 10 अरब है और वह मर जाता है, तो उसके बच्चों को 10 अरब मिलते हैं और जनता को कुछ नहीं मिलता इसलिए लोगों को इस तरह के मुद्दों पर बहस और चर्चा करनी होगी. मुझे नहीं पता कि दिन के अंत में निष्कर्ष क्या होगा लेकिन जब हम धन के पुनर्वितरण के बारे में बात करते हैं, तो हम नई नीतियों और नए कार्यक्रमों के बारे में बात कर रहे हैं जो लोगों के हित में हैं न कि अति-अमीरों के हित में। हालांकि पित्रोदा ने साफ किया कि इसका मतलब यह नही कि आपकी संपत्ति लेकर किसी और को दे देंगे. सरकार उस संपत्ति का उपयोग देश के विकास में करेगी।

### मोदी ने लिया आड़े हाथ

दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कल एक रैली को सबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह नया विरासत कानून लाएगी. प्रधानमंत्री ने कहा- 'अगर भारत



शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल बिगड़ जाएगा. अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी. इसलिए वो भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं. कुछ महीने पहले मैंने आपसे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस का भ्रष्टाचारी पंजा हटाने के लिए आशीर्वाद मांगा था, आपने मेरी बात का मान रखा और भ्रष्टाचारी पंजे को प्रदेश से साफ कर दिया. उन्होंने कहा- 'आज आप सब के आशीर्वाद से सरगुजा की संतान और आदिवासी समाज की संतान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश के सपने को साकार कर रहा है।'

### राहुल गांधी और विरासत कानून

जानते चलें कि दो दिन पहले ही कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने भी इस बात का ऐलान किया था कि अगर कांग्रेस सत्ता में लौटी तो बड़े संपत्तिधारकों से संपत्ति छीनकर उसे गरीबों में देंगे या सरकार उसका उपयोग करेगी. इसके बाद इस मामले में कांग्रेस घिर गई है. जनता के बीच भी तीखी प्रतिक्रिया हो रही है. भाजपा ने भी एक मुददे को लपक लिया है।

## सैम पित्रोदा के बयान पवन खेड़ा ने दी सफाई, कहा- यह उनका पर्सनल ओपिनियन, पार्टी का कोई लेना-देना नहीं



**ग्वालियर।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेम पित्रोदा के बयान पर सियासत गरमाई हुई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा का बयान सामने आया है। पवन खेड़ा का कहना है कि यह उनका पर्सनल ओपिनियन है, उनके ओपिनियन पर पार्टी अपना बयान क्यों दे। पार्टी ने इस मामले से जुड़ा कहीं भी कुछ नहीं कहा है, न ही अपने मेनिफेस्टो में कहा है। हर व्यक्ति अपनी बात रखने और विचार रखने के लिए स्वतंत्र है। हमारा देश तो विचार मंथन के लिए जाना जाता है। क्या किसी बात पर चर्चा भी नहीं होना चाहिए। वह अपनी बात कर रहे हैं, इसका पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। हम इस मामले पर कोई बात नहीं करने वाले हैं। बता दें कि सैम पित्रोदा ने कहा है कि 'अमेरिका में इनहेरिटेंस टैक्स की व्यवस्था है। इसका मतलब है कि अगर किसी के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है तो उसके मरने के बाद बच्चों को केवल 45 फीसदी संपत्ति ही मिलेगी और बाकी 55 फीसदी सरकार ले लेगी।' 'ये काफी दिलचस्प कानून है, इस पर चर्चा होनी चाहिए।' गुजरात के राजकोट लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला के एक बयान से राजपूत समाज भड़क गया है। गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश में राजपूत समाज भाजपा के खिलाफ लामबंद होता नजर आ रहा है। इस मामले में पर पवन खेड़ा का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि पूरे देश में राजपूत उत्तेजित है, आक्रोशित है।पुरुषोत्तम रुपाला भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के दोस्त हैं। उन्होंने जिस तरह से क्षत्रियों का और क्षत्राणियों का अपमान किया है, हम उसका विरोध करते हैं। क्षत्रिय समुदाय के साथ खड़े हैं, उनकी आवाज हमें सुनाई दे रही है। पवन खेड़ा ने कहा पीएम मोदी ने अपने कान बंद कर लिए होंगे, लेकिन यह अपमान यह देश बर्दाश्त नहीं करेगा। क्षत्रियों ने इस देश का इतिहास लिखा है। हम यह बर्दाश्त नहीं करेंगे कि उनका अपमान हो। राजस्थान में क्षत्रिय हुंकार भर रहे हैं। मैं भी राजस्थान से आता हूं। मैं क्षत्रिय समुदाय से आता हूं। हमारे समाज में बहुत ज्यादा आक्रोश है। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री रुपाला का राजकोट में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में रुपाला कहते हुए दिख रहे है कि राजाओं ने उनके (अंग्रेजों) साथ रोटियां तोड़ीं और अपनी बेटियों की शादी कर रोटी बेटी का व्यवहार निभाया था।

# पहले चरण के चुनाव के बाद भाजप की भाषा और भाषण बदल गए: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि पहले चरण में पश्चिम से जो हवा चली है, भाजपा का सफाया करती जा रही है। भाजपा नेताओं की भाषा और भाषण बदल गए हैं। पहले चरण ने रुझान दे दिया है। किसान, गरीब, नौजवान, अल्पसंख्यक भाजपा के खिलाफ खड़े है। भाजपा इस चुनाव में इतिहास बन जाएगी। इंडिया गठबंधन में देश का भविष्य दिखाई दे रहा है। बीजेपी का झूठ जनता के सामने उजागर हो रहा है। उनके नेताओं के भाषण, उनका घोषणा पत्र सब झूठ है। भाजपा सबसे झूठी पार्टी है। उसका का झूठ सब समझ चुके हैं। भाजपा का कोई काम जमीन पर नहीं दिखाई दे रहा है।

मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के ताखा ब्लाक में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने चुनावी चंदे के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया है। वसूली की है। इतिहास में इतनी वसूली किसी ने नहीं की, जितना भाजपा ने की है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स से दबाव बनाकर वसूली की। हजार-हजार करोड़ रूपए वसूला। वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी वसूली कर ली। कोरोना भगाने के लिए थाली और ताली बजवाई। पहले ये जुमला देते



थे, अब गारन्टी के नाम पर झांसा दे रहे है। इनकी गारन्टी झूठी है। भाजपा ने किसानों को धोखा दिया। मदद और राहत नहीं दी। बड़े-बड़े उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ कर दिया। किसानों का कर्ज नहीं माफ किया। कर्ज उनका माफ किया जिन्होंने पांच करोड़ से ज्यादा का कर्ज लिया था। चुनावी चंदे की वसूली के कारण देश में महंगाई बढ़ी। हर परिवार महंगाई से परेशान है। इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर किसानों का कर्ज माफ होगा। फसलों को एमएसपी का कानूनी अधिकार मिलेगा। किसान, नौजवान भाजपा सरकार के खिलाफ इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट कर रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के दस साल में नौजवानों का एक तिहाई जीवन बर्बाद हो गया। नौकरी, रोजगार नहीं मिला। भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। ये सब पेपर जानबूझकर लीक कराये गये। भाजपा ने 60 लाख नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया। किसान, नौजवान, गरीब, मध्यम वर्ग पूरी तरह भाजपा के खिलाफ है। भाजपा घबराई हुई है। कहा कि भाजपा सरकार ने कोई काम नहीं किया। किसानों का गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है। किसानों का गेंहू सरकार नहीं खरीद रही है। बड़ी-बड़ी कम्पनियां फसल खरीद रही है। वही कम्पनियां मुनाफा कमा रही है। किसानों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इसीलिए हमने घोषणा पत्र में वादा किया है कि दिल्ली में सरकार बनने पर गरीबों को मुफ्त राशन के साथ खाने के लिए पैक्ड आटा और मोबाइल चलाने के लिए डाटा दिया जाएगा। आज के समय में मोबाइल, लैपटॉप चलाने के लिए डाटा जरूरी है। कोरोना काल में ऑनलाइन पढ़ाई मोबाइल से हुई। ऑनलाइन पढाई और जानकारी के लिए मोबाइल डाटा आवश्यक है। समाजवादी पार्टी ने लैपटॉप बांटा, भाजपा ने झूठा वादा किया। लैपटॉप नहीं दिया। समाजवादी सरकार ने डिजिटल डिवाइड दूर किया।




आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 09303890212 पर भेजे।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

## संपादकीय

### शिकार बनने से बचा जा सकता है

अनुसंधानकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने हाल में 'विश्व साइबर अपराध सूचकांक' तैयार किया है। इसके अनुसार साइबर अपराध के मामले में भारत दुनिया में 10वें स्थान पर है। सूचकांक में 100 देशों को शामिल किया गया है। साइबर अपराध के मामले में रूस शीर्ष पर है, जबकि यूक्रेन दूसरे, चीन तीसरे, अमेरिका चौथे, नाइजीरिया पांचवे, रोमानिया छठे और उत्तर कोरिया सातवे स्थान पर है। भारत में कई तरह के साइबर अपराध होते हैं। हाल के वर्षों में कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए साइबर अपराध करने की घटनाओं में उल्लेखनीय तेजी आई है। टेलीकॉम कंपनियां उपभोक्ताओं को कॉल फॉरवर्डिंग की सुविधा देती हैं, जिसके तहत कॉल एवं एसएमएस को फॉर्वड किया जाता है। उपभोक्ताओं को कॉल फॉरवर्डिंग की सुविधा नंबर पर यूएसएसडी बेस्ड कॉल फॉरवर्डिंग की सेवा को एक्टिवेट करने पर मिलती है। यूएसएसडी कोड का इस्तेमाल आम तौर पर बैलेंस या फोन का आईएमईआई नंबर जानने के लिए किया जाता है। यह ऐसा फीचर है, जिसकी मदद से एक कोड डायल करके सेवाओं को शुरू या बंद करवाया जा सकता है। कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए स्कैमर कॉल करके उपभोक्ताओं को कहता है, 'हम आपकी टेलीकॉम प्रोवाइडर कंपनी से बोल रहे हैं। हमने नोटिस किया है कि आपके नंबर पर नेटवर्क की समस्या है। समस्या को दूर करने के लिए आपको 'स्टार 401 हैशटैग' नंबर डायल करना होगा।' यह नंबर डायल करने के बाद उपभोक्ता को अंजान नंबर पर कॉल करने के लिए कहा जाता है। जैसे ही, उपभोक्ता कॉल करता है, उसके सभी कॉल और मैसेज स्कैमर के पास पहुंच जाते हैं, जिनमें बैंक और क्रेडिट कार्ड से किए जाने वाले लेन-देन के ओटीपी भी शामिल होते हैं। कॉल और ओटीपी का इस्तेमाल स्कैमर उपभोक्ता के बैंक खाते से पैसे निकालने, सोशल मीडिया में एक्सेस करने और नया सिम जारी करवाने में करते हैं। कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए किए जा रहे साइबर अपराध को रोकने के लिए सरकार ने 15 अप्रैल, 2024 से यूएसएसडी बेस्ड कॉल फॉरवर्डिंग की सेवा बंद कर दी है। इसलिए स्मार्टफोन उपभोक्ताओं को कहा गया है कि अपने मोबाइल फोन की सेटिंग की जांच करें और 'स्टार 401 हैशटैग' नंबर डायल करने पर कॉल फॉरवर्डिंग की सेवा चालू दिखती है, तो उसे तुरंत बंद कर दें। विगत वर्षों में डिजिटलाइजेशन के साथ-साथ साइबर अपराध में तेज वृद्धि हुई है। अब तो फेसबुक और इंस्टाग्राम भी ठगी के साधन बन गए हैं। गूगल सर्च इंजन पर लोग अपने हर प्रश्न का जबाव ढूंढ रहे हैं। ऐसे मनोविज्ञान को दृष्टिगत कर ठग नामचीन भुगतान एप्स जैसे, गूगल पे, फोन पे, पेटीएम के नाम से अपना नंबर इंटरनेट पर सहेज रहे हैं, जिसके कारण खुद से लोग हैकर्स के जाल में फंस जाते हैं। अब तो ब्राउजर एक्सटेंशन की डाउनलोडिंग के जरिए भी साइबर अपराध किए जा रहे हैं। यह काम वायरस के जरिए किया जाता है। सार्वजनिक चार्जर पोर्ट के माध्यम से भी मोबाइल एवं लैपटॉप संक्रमित हो जाते हैं। क्रोम, मोजिला आदि ब्राउजर के जरिए किए गए ऑनलाइन लेन-देन ब्राउजर के सर्वर में सेव हो जाते हैं, जिन्हें सेटिंग में जाकर डिलीट करने की जरूरत होती है, लेकिन अज्ञानतावश लोग ऐसा नहीं करते और इसका फायदा साइबर ठगों को मिल जाता है। इसलिए जरूरी है कि बैंकिंग डिजिटल उत्पादों जैसे डेबिट और क्रेडिट कार्ड, एटीएम, यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, क्यूआर कोड आदि के उपयोग में विशेष सावधानी बरती जाए क्योंकि इनके उपयोग में बरती गई असावधानी आपकी जेब को खाली कर सकती है। फिशिंग के तहत किसी बड़ी या नामचीन कंपनी या यूजर की कंपनी की फर्जी बेवसाइट, जिसका स्वरूप असली बेवसाइट जैसा होता है, बना कर लुभावने मेल किए जाते हैं, जिनमें मुफ्त में महंगी चीजें देने की बात कही गई होती है। मोबाइल का चलन बढ़ने के बाद हैकर्स एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिए भी ऑफर वाले मैसेज भेजते हैं, जिनमें मैलवेयरयुक्त हाइपर लिंक दिया हुआ होता है। मैलवेयर, कंप्यूटर या मोबाइल या टैब में इंस्टॉल सॉफ्टवेयर को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ यूजर की वित्तीय जानकारी जैसे डेबिट या क्रेडिट कार्ड का विवरण, उनके पासर्वड, ओटीपी, मोबाइल नंबर, पता, बैंक खाता नंबर, जन्मतिथि आदि चुरा लेता है। यह यूजर की जानकारी के बिना उसके ईमेल खाते से दूसरे को फर्जी ईमेल भी भेज सकता है, और इसके जरिए ठगी करने के साथ-साथ संवेदनशील जानकारी अवांछित लोगों को बेची भी जा सकती है। इसकी मदद से किसी की सामाजिक प्रतिष्ठा को भी धूमिल किया जा सकता है। आजकल साइबर अपराधी फोन कॉल्स या एसएमएस द्वारा लोगों को बिना कर्ज लिए ही कर्जदार बता कर उनसे पैसों की वसूली कर रहे हैं। लोन रिकवरी एजेंट धमकी देते हैं, आपने हमसे कर्ज लिया है और अगर दो-तीन दिनों में पैसे वापस नहीं करेंगे तो आपकी आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल कर दी जाएंगी। यूजर पढ़ा-लिखा हो या अनपढ़; आज सभी साइबर अपराध के शिकार बन रहे हैं। ऑनलाइन ठगी से न तो शहरी क्षेत्र के लोग बच पा रहे हैं, और न ही ग्रामीण क्षेत्र के लोग। बड़े अधिकारी, बैंक अधिकारी, जज, विधायक, सांसद, मंत्री, पुलिस सभी इसके शिकार हो रहे हैं। बैंक के डिजिटल उत्पाद साइबर अपराध का जरिया बन गए हैं। फिर भी, सजग और जागरूक रह कर डिजिटल उत्पादों से किए जा रहे साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। लोग ब्राउजिंग सेशन के दौरान संदेहास्पद पॉप अप से सतर्क रहें, https:// पैड लॉक सिंबल वाला RL है या नहीं को सुनिश्चित करें, वेबसाइट्स या मोबाइल या पब्लिक लैपटॉप या डेस्कटॉप पर कार्ड की जानकारी साझा नहीं करें, अनजान नंबर या ईमेल आईडी से आए अटैचमेंट को तुरंत डिलीट कर दें और ऑनलाइन लॉटरी, कैसिनो, गेमिंग, शॉपिंग या फ्री डाउनलोड वाले मैसेज की उपेक्षा करें तो फिशिंग मेल या एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिए फॉर्वड होने वाले संदेहास्पद हाइपर लिंक के जाल से बचा जा सकता है। मामले में सावधानी ही बचाव है। लालच नहीं करें। यह सभी समस्याओं की जड़ है। मनोवैज्ञानिक दबाव में नहीं आएं। धमकी मिलने पर पुलिस की मदद लेने से नहीं हिचकें। निडर बनें। तभी साइबर अपराध का शिकार बनने से बचा जा सकता है।

# शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ अनवर ढेबर की याचिका पर सुनवाई

**बिलासपुर।** शराब घोटाला मामले में एसीबी के द्वारा गिरफ़्तार किए जाने और उन्हे रिमांड पर लिए जाने को विधि विरुद्ध बताते हुए अनवर ढेबर ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। हाईकोर्ट ने एंटी करप्शन ब्यूरो के इओडब्लू को जवाब के लिए नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई दो हफ़्ते बाद होगी।

याचिका एसीबी की एफ़आइआर की विधिक अधिकारिता को चुनौती देती है। याचिका में यह बताया गया है कि, एसीबी की एफ़आइआर ईडी की ईसीआईआर पर आधारित है। एसीबी की एफ़आइआर में प्रार्थी/सूचक भी ईडी ही है। ईडी की ईसीआईआर समेत कार्यवाही को सुप्रीम कोर्ट ने शून्य घोषित कर दिया था। एसीबी ने विधिक

## ईओडब्ल्यू को जारी हुआ नोटिस



अधिकारिता विहीन एफ़आइआर पर अनवर ढेबर को गिरफ़्तार किया और रिमांड पर लिया। याचिका के अनुसार गिरफ़्तारी और रिमांड के कारणों की लिखित जानकारी नहीं दी गई इसलिए ईओडब्लू की यह कार्यवाही 'क़ानून के खिलाफ' है।

हाईकोर्ट ने इस याचिका की सुनवाई की है। याचिकाकर्ता अनवर ढेबर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता निखिल गोयल तथा राज्य की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक शर्मा उपस्थित थे। चीफ़ जस्टिस रमेश सिन्हा ने याचिका के दृष्टिगत ईओडबलू को जवाब के लिए नोटिस जारी किया है। राज्य सरकार को दो हफ़्ते के भीतर जवाब दाखिल करना है।

# छत्तीसगढ़ के स्थाई न्यायाधीश हो सकते है राकेश मोहन पांडेय, सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने की सिफारिश

**रायपुर।** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडे के नाम की सिफारिश की है. इसके अलावा अतिरिक्त न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत और राधाकिशन अग्रवाल के नामों की भी सिफारिश की गई है।

बता दें कि इससे पहले बीते साल 22 नवंबर 2023 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति पांडे को उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने और न्यायमूर्ति राजपूत और न्यायमूर्ति अग्रवाल के वर्तमान



कार्यकाल को आगे बढ़ाने के लिए सिफारिश की थी।

कॉलेजियम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के 26 अक्टूबर 2017 के संकल्प के संदर्भ में भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीशों की समिति ने उपरोक्त अतिरिक्त न्यायाधीशों के फैसलों का आंकलन किया. कॉलेजियम ने उपरोक्त नामों की योग्यता और उपयुक्तता का आंकलन करने के लिए रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री की जांच और मूल्यांकन किया. मामले के सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद कॉलेजियम ने फैसला किया है कि न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडे, अतिरिक्त न्यायाधीश, स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के लिए फिट और उपयुक्त हैं और न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत और न्यायमूर्ति राधाकिशन अग्रवाल उच्च न्यायालय के कॉलेजियम की सिफारिश के अनुसार नए कार्यकाल के लिए नियुक्त किए जाने के पात्र हैं।

## भाजपा नेता ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या, सुसाइड नोट में लिखी ये बात



**दुर्ग।** दुर्ग में भाजयुमो अहिवारा मंडल के महामंत्री शिवकुमार वर्मा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. वहीं घटनास्थल से पुलिस ने सुसाइड नोट भी बरामद किया है. बताया जा रहा है कि शिव कुमार ने पहले अपनी पत्नी और बेटे को किसी शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भेज दिया, फिर घर में फांसी लगा ली. यह मामला नंदिनी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, भाजयुमो मंडल महामंत्री शिवकुमार वर्मा (उम्र 40 वर्ष) अहिवारा स्थित बीएसपी क्वार्टर में रहता था. उसके पैतृक गांव सहगांव पथरिया में शादी कार्यक्रम था. जहां उसने अपनी पत्नी और बेटे को मंगलवार की सुबह भेज दिया. जिसके बाद शिवकुमार घर में अकेला था. इसी दौरान उसने घर के पंखे में रस्सी बांधी और फांसी लगा ली. शाम 4 बजे जब पत्नी और बेटा घर आए तो देखा कि दरवाजा अंदर से खुला था. जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई. शिवकुमार फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला. वहीं पत्नी और बच्चे की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे. जिसके बाद घटना की सूचना नंदिनी थाना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है. उसमें मृतक ने लिखा है कि वो अपनी मर्जी से खुदकुशी कर रहा है. इस मौत के लिए वो खुद जिम्मेदार है. फिलहाल, इस पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## खरसिया के ग्राम रजघटा में पं. दीपक कृष्ण सुनाएंगे श्रीमद् भागवत कथा

**रायगढ़।** खरसिया के ग्राम रजघटा में छत्तीसगढ़ के प्रख्यात कथा प्रवक्ता पंडित दीपक कृष्ण महाराज (ग्राम घघरा, खरसिया) 26 अप्रैल से 04 मई तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की कथा सुनाएंगे। जिसमें आचार्य पुरोहित निशीभुषण दुबे होंगे। कथा शुभारंभ करने से पहले 26 अप्रैल को दोपहर 03 बजे से भव्य कलश यात्रा निकालकर वेदी पूजन किया जाएगा, वहीं अगले दिन 27 अप्रैल से श्रीमद् भागवत की कथा प्रारंभ होगी। यह कथा दोपहर 03 बजे से प्रभु कृपा तक कथावाचक पंडित दीपक कृष्ण महाराज के श्रीमुख से श्रद्धालुओं को श्रवण कराया जाएगा। नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा 26 अप्रैल भव्य कलश यात्रा, वेदी पूजन। 27 अप्रैल कथा महात्म्य कथा प्रारंभ, गोकर्ण उपाख्यान। 28 अप्रैल महाभारत प्रसंग, कपीलोख्यान, ध्रुव चरित्र। 29 अप्रैल भरत प्रसंग, प्रहलाद चरित्र, 30 अप्रैल वामन प्रसंग, श्री राम चरित्र, श्री कृष्ण जन्मोत्सव। 1 मई बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजन। 2 मई महारास प्रसंग, उद्धव चरित्र, कृष्ण रुक्मणी मंगल। 3 मई सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, श्री कृष्णा गोलोक प्रस्थान, चढ़ोत्री। 4 मई हवन यज्ञ, सहस्त्रधारा स्नान, ब्राह्मण भोज, प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न होगी।

# छत्तीसगढ़ के 3 सीटों पर 26 अप्रैल को होगी वोटिंग, अति संवेदनशील क्षेत्र के लिए हेलीकॉप्टर से दल रवाना

**गरियाबंद।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ की महासमुंद, राजनांदगांव और कांकेर सीटों में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी. वहीं अति संवेदनशील इलाका आमामोरा ओंड के लिए हेलीकॉप्टर से दल रवाना हुआ. कलेक्टर ने सभी को गुलाब फूल भेंट कर शुभकामनाएं दी। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अति संवेदनशील इलाका आमामोरा ओंड के लिए हेलीकॉप्टर से मतदान दल को रवाना कर उन्हे गुलाब फूल भेंट कर शुभकामनाएं दी. दोनों बूथ के लिए 6 दल के अलावा उतने ही संख्या में रिजर्व दल मिलाकर कर कूल 12 दलों को प्रशासन ने 48 घंटे पहले रवाना कर दिया है. पुलिस परेड ग्राउंड में सेना के हेलीकॉप्टर से उन्हे रवाना किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि पर्याप्त सुरक्षा के इंतजामात किया गया है. अफसर ने दावा ने किया है कि पिछले लोकसभा चुनाव में हुए 76 प्रतिशत से इस बार ज्यादा करने का लक्ष्य हासील होगा. माह भर पहले से हमने जागरूकता के अभियान चलाए, विभिन्न माध्यमों से यह अभियान सतत जारी रहा।




## मतदान के दिन चप्पे-चप्पे में रहेगी पुलिस, सीएएफ और सीपीएफ की 23 कंपनियां तैनात

**खैरागढ़।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होना है. इसके मद्देनजर खैरागढ़ जिले में पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है. खैरागढ़ जिला मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के सीमा से लगा होने के कारण इसकी भौगोलिक स्थिति तीन राज्यों के ट्राई जंक्शन पर है. इसे नक्सलियों का रूस्ट जोन माना जाता है. नक्सली इस क्षेत्र का उपयोग अंतर्राज्यीय आवागमन के लिए करते हैं. इस लिहाज से खैरागढ़ जिले में शांतिपूर्ण मतदान करवाना पुलिस और प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती होती है। इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी त्रिलोक बंसल ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए. एसपी त्रिलोक बंसल ने बताया कि जिले में सीएएफ और सीपीएफ की 23 कंपनियां तैनात की गई है, जो नक्सल क्षेत्रों में बूथ, एरिया डॉमिनेशन और रोड ओपनिंग के लिए मोर्चा संभालेंगी. इसके साथ ही सभी सीमावर्ती क्षेत्रों और संवेदनशील वनांचल क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधित सभी तैयारिया कर ली गई हैं. साथ ही खैरागढ़ एसपी त्रिलोक बंसल ने सभी लोगों से बिना डर के निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की.






# कुत्ते के हमले से कोटरी घायल, इलाज के बाद सुरक्षित जंगल छोड़ा गया

## जंगल से भटक कर बस्ती के करीब पहुंचा

**रायगढ़।** बुधवार की सुबह खरसिया रेंज के जोबी परिसर के जंगल से भटकते हुए एक कोटरी जंगल गांव तक पहुंच गया, तभी कुत्तों ने उसे दौड़ाया। ऐसे में वह घायल होकर एक ग्रामीण के घर में घुस गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन अमला को दी और ग्रामीणों की मदद से उसे पकड़कर उसका इलाज करा कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह करीब साढ़े पांच छह बजे एक कोटरी जोबी परिसर के जंगल से निकलकर गांव के करीब तक पहुंच गया। जिसके बाद कुत्तों ने उस पर हमला करने उसे दौड़ाया। जिससे कोटरी एक ग्रामीण के घर घुस गया, लेकिन उसके पीछे पैर में कुत्तों के हमले से वह मामूली रूप से घायल हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन अमला को दी। जिसके बाद तत्काल वनकर्मी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से उसका इलाज कराया गया। उसकी बेहतर स्थिति को देखते हुए सुरक्षित उसे जंगल में छोड़ा गया है।

### पानी की तलाश में भटकते हैं वन्यप्राणी

जानकार बताते हैं कि अक्सर गर्मी के दिनों में जंगल में पानी सूखने के कारण भटकते हुए वन्यप्राणी पानी की तलाश में गांव के करीब तक पहुंच जाते हैं। जिसके बाद कुत्तों व शिकारियों का शिकार भी बन जाते हैं। ऐसी कई घटनाएं पूर्व में भी वन मंडल रायगढ़ के अलग अलग रेंज में देखने को मिल चुकी है।

### क्या कहते हैं रेंजर

इस संबंध में खरसिया वन  परिक्षेत्र के रेंजर गोकुल प्रसाद यादव ने बताया कि कुत्तों के दौड़ाने व उनके हमले से मामूली कोटरी को चोट आया था। जिसका उपचार कराया गया है। कोटरी कुत्तों से जान बचाने एक घर में घुस गई थी। इलाज के बाद सुरक्षित उसे जंगल में छोड़ा गया है।

# आयुष्मान योजना में निजी अस्पतालों की मनमानी, 995 लोगों ने की शिकायत, कार्रवाई सिर्फ 45 पर

## गरीबी रेखा में आने वाले लोगों को पांच लाख तक का इलाज नि:शुल्क

**रायपुर।** आयुष्मान योजना में निजी अस्पताल प्रबंधन अपनी मनमानी कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग से आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत तीन वर्षों में मिली शिकायतों की जानकारी मांगी गई। राज्य नोडल एजेंसी की तरफ से वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 में आयुष्मान योजना की कितनी शिकायतें मिलीं। इस पर राज्य नोडल एजेंसी की तरफ से 995 शिकायतों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 26 पर निलंबन, 25 पर जुर्माना और पांच का पंजीयन निरस्त कर दिया गया है। 45 अस्पतालों पर कार्यवाई की गई है। विभाग को ये शिकायत टोल फ्री नंबर और अन्य माध्यमों से शिकायत मिली है। आयुष्मान योजना के तहत गरीबी रेखा में आने वाले




लोगों को पांच लाख तक का इलाज निश्शुल्क है। सामान्य लोगों के लिए 50 हजार का इलाज निश्शुल्क है, लेकिन आयुष्मान कार्ड से इलाज करने के दौरान अस्पताल प्रबंधन को मरीज से एक भी रुपये नहीं लेना है। अधिकतर अस्पताल प्रबंधन आयुष्मान से इलाज करने के बावजूद मरीजों से भी बिल के पैसे वसूलते हैं जो नियम के खिलाफ है। इस योजना से इलाज कराने वाले मरीज का कितना भी पैसा खर्च हो उसे मरीज से लेने का प्रविधान नहीं है, नियम के खिलाफ जाकर अस्पताल प्रबंधन पैसे लेता है। शिकायत होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अस्पतालों पर उचित कार्रवाई नहीं होती है, यही वजह से है कि प्रबंधन बिना किसी डर-भय के मरीजों के स्वजन से मोटी रकम वसूलते हैं।

# ईओडब्ल्यू की हिरासत में पप्पू ढिल्लन, कोर्ट में पेश कर मांग सकते हैं रिमांड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला मामले में शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन को ईओडब्ल्यू ने हिरासत में लिया है। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भिलाई के शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन के बैंक खातों में जमा 27.5 करोड़ की फिक्स डिपॉजिट के साथ जांच के दौरान मिले 52 लाख कैश को सीज किया था। ईडी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया था कि ढिल्लन ने शराब के अवैध पैसे को कर्ज के तौर पर



लिया और फिक्स डिपॉजिट के रूप में अपने खातों में जमा कर लिया. उसने अवैध धंधे से मिलने वाली राशि को अपने बैंक खातों में जमा करने की अनुमति देने के साथ ही अपने फर्म्स को भी इस्तेमाल करने की इजाजत दी थी. ईडी ने ढिल्लन को शराब के अवैध धंधे का मुख्य बेनिफिशयरी बताया है।

## जिले में फिर सामने आई गौ तस्करों की बेखौफ दबंगई

# रिपोर्टिंग से बौखलाकर पत्रकार से मारपीट, केस दर्ज

**कुड़ेकेला।** देश भर में गौ रक्षा के नाम पर तमाम सरकारी कवायदों के दावे किए जा रहे हैं। बीते दशक में कथित तौर पर गौ वंश से जुड़े कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें कभी गौ तस्करों और कभी गौ रक्षकों की हत्या कर दी गई। वर्तमान समय में इस मामले को लेकर सरकारी दावे और तस्करों के हौसले दोनों यथावत हैं। रायगढ़ जिले में एक बार फिर से कथित गौ तस्करों ने अपनी दबंगई का नमूना पेश किया है। जिसमें गौ तस्करी के खिलाफ खबर प्रकाशित करने की बात को लेकर एक प्रेस रिपोर्टर के साथ मारपीट की गई है। जिले के छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई इस घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक हनुमान जयंती के दिन शाम को मंदिर जाते समय दो स्थानीय युवकों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है।  बता दें कि कुछ समय पहले धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत आने वाले क्रोन्धा गांव में मवेशी तस्करी रोकने गए बजरंग दल से प्राभावित कुछ स्थानीय युवकों से मारपीट की गई थी। इस मामले में पुलिस ने एक नामजद व अन्य आरोपियों पर केस दर्ज किया था। उल्लेखनीय है कि इस मामले को संवेदनशील बताते हुए घटना का विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया था। अपने नापाक इरादों पर पानी फिरता देख अब जिले में फिर से गौ तस्करों ने कायराना हरकत करते हुए मारपीट की वर्तमान घटना को अंजाम दिया है। यह हालात कानून व्यवस्था, प्रदेश भर के गौ रक्षकों के साथ साथ पूरे सिस्टम के लिए बड़ी और असामान्य चुनौती है।

# चार माह के भीतर एक ही आंगन से उठी मामा-भांजी की अर्थी

## मौत से सहमा पूरा गांव, ग्रामीण बोले-  अब बर्दाश्त से बाहर, हिंसा थमनी चाहिए

### क्रॉस फायरिंग में भांजी तो आईईडी की चपेट में आने से मामा की मौत

सोमवार को अंत्येष्टि में मुतवेंडी समेत आसपास बसे गांवों रिश्तेदार और परिचित गांव पहुंचे. बताया जा रहा कि गड़िया रिश्ते में उस छह माह की दूधमुंही मंगली का मामा है, जिसकी जिंदगी एक जनवरी 2024 को क्रॉस फायरिंग में चली गोली ने ले ली थी. मुतवेंडी के जिस घर के आंगन से भांजी की अर्थी उठी थी, चार माह के भीतर उसी आंगनी से मामा की अर्थी उठी. गोली से मंगली और प्रेशर आईईडी से गड़िया की मौत ने ना सिर्फ मुतवेंडी के लोगों को झकझोर दिया अपितु उनके मन में हिंसा-प्रतिहिंसा को लेकर गुस्से का सैलाब भी उमड़ रहा है. चारपाई पर गड़िया के शव को रखकर पूरा गांव फूट-फूट कर रो रहा था. करूण विलाप गांव भाव विभोर था।

### युवाओं ने कहा - आदिवासियों के सामने कुआ-खाई जैसे हालात

गमगीन माहौल और वार-पलटवार से युद्ध जैसे बने हालातों को लेकर गांव के कुछ नौजवानों का कहना है कि बस अब बहुत हुआ, अब बर्दाशत से बाहर है. हिंसा थमनी चाहिए. टूटी -फूटी हिंदी में युवकों का दो टूक कहना था कि समाचार माध्यमों से उन्हें पता चला कि सरकार शांति वार्ता करना चाहती है, लेकिन ये शांति वार्ता होगी तो कब होगी? खींझ जताते उन्होंने कहा कि बस्तर का हर आदिवासी आज डरा हुआ है. जंगल जाओ तो डर, खेत जाओ तो डर, पहाड़ जाओ तो डर, डर हर जगह है और हमें डर दोनों तरफ से है. बस्तर में जो युद्ध चल रहा है आदिवासियों के सामने इधर कुआ-उधर खाई जैसे हालात हैं.



**बीजापुर।** नक्सल संगठन के खिलाफ सरकार की आक्रामक रूख से माओवाद प्रभाव वाले इलाकों में युद्ध जैसे हालात निर्मित हैं, जिससे नक्सलियों और जवानों के साथ निरीह आदिवासी भी मारे जा रहे हैं. दोनों तरफ से वार-पलटवार से आदिवासी इस कदर सहमे हुए हैं कि वे अब सरकार से बस्तर में शांति बहाली की दिशा में जल्द से जल्द कदम उठाने की मांग कर रहे हैं. भले ही दो दशक पहले बस्तर में शांति कायम करने सलवा जुडूम के नाम पर आदिवासी हथियार उठाने को मजबूर हुए थे, लेकिन अब उसे बड़ी भूल मानते शांति बहाली के लिए वार्ता को उचित ठहरा रहे हैं। हिंसा-प्रतिहिंसा के बीच शांति वार्ता के लिए दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले की सरहद पर बसे गांव मुतवेंडी से आवाज उठी है, जहां प्रेशर आईईडी की जद में आने से गांव के एक 18 वर्षीय युवक गड़िया पुनेम की मौत हो गई. मौत से ना सिर्फ पूरा गांव सहमा हुआ है बल्कि घटना ने ग्रामीणों को भीतर तक झकझोर कर रख दिया है।  यह घटना 20 अप्रैल की है, जब गड़िया गांव के अन्य ग्रामीणों के साथ तेंदूपत्ता बांधने सिहाड़ी पेड़ की छाल से रस्सी निकालने गांव के नजदीक पहाड़ी में गया था. जंगल में चलते वक्त उसका पांव प्रेशर आईईडी पर पड़ गया और वह मुर्छित होकर गिर पड़ा. गांव वालों का कहना है कि धमाके की आवाज सुनते ही बाकी ग्रामीण सहम गए और गांव की तरफ दौड़े. अगले दिन तक जब गड़िया घर नहीं लौटा तो उसकी तलाश में ग्रामीण वापस जंगल गए, जहां गड़िया गंभीर घायल अवस्था में मिला. ग्रामीण उसे घर लेकर आए. एम्बुलेंस की व्यवस्था के लिए फोन पर संपर्क किया गया, गांव में नेटवर्क नहीं होने से पहाड़ी पर चढ़कर फोन से संपर्क साधा गया, लेकिन बदकिस्मती से मदद जब तक पहुंचती गड़िया जिंदगी की जंग हार चुका था।

### ग्रामीणों का सवाल - गांव में कैंप खुले पर स्कूल क्यों नहीं?


सुरक्षा कैम्पों पर सवाल उठाते मुतवेंडी समेत आसपास के ग्रामीणों ने कहा कि मुतवेंडी में कैम्प स्थापित हुए चार माह होने को है. जब कैम्प लग चुका है तो गांव वालों की परेशानी हल क्यों नहीं हो रही है? कैम्प खोला गया तो साथ में गांव के बच्चों के लिए स्कूल क्यों नहीं खोला गया? कैम्प लगने के बाद भी आदिवासी बेमौत मारे जा रहे हैं. चार माह के भीतर मुतवेंडी में दो लोगों की अकाल मृत्यु हो चुकी है. आगे और कितने मरेंगे ये कह पाना भी मुश्किल है. किसकी गोली से मरेंगे हम ये भी नहीं कह सकते हैं इसलिए हम नक्सल संगठन और सरकार दोनों तक अपनी बात रखना चाहते हैं. इस मसले पर सरकार को सबसे पहले और ठोस पहल करने की दरकार है. हिंसा-प्रतिहिंसा के बीच आदिवासियों की परवाह शायद किसी को हो. आने वाले दिनों में इन्हीं इलाकों में और नए कैम्प लगेंगे, ढेरों एंकाउंटर होंगे, एंकाउंटर के नाम पर कई निर्दोषों की जानें भी जाएंगी।

### शांति वार्ता के लिए जल्द कदम उठाए सरकार

ग्रामीण लखन पुनेम और सोमलू समेत अन्य युवाओं का कहना है कि भले ही गड़िया की मौत पर गांव के बाकी लोग खामोश है, जिसकी वजह सिर्फ और सिर्फ डर है. इस बात को हर कोई भलीभांति समझ सकता है. सरकार की तरफ से शांति वार्ता की पेशकश से ज्यादातर ग्रामीण अनभिज्ञ हैं तो ऐसे हालात में वे क्या समझ पाएंगे और क्या भी कहेंगे, इसलिए सरकार से हमारी गुजारिश है कि आदिवासियों को बचाने, बस्तर को बचाने सरकार शांति वार्ता की दिशा में जल्द से जल्द कोई ठोस कदम उठाएं अन्यथा पुलिस-नक्सलियों में जारी जंग के बीच निरीह आदिवासियों के कत्लेआम का ये दौर जारी रहेगा और बस्तर में शांति चांद पर पहुंचने जैसा मुश्किल काम होगा.

# विजय संकल्प शंखनाद महारैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

## कहा - जब मैं विकसित भारत कहता हूं, तो विपक्ष और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का हो जाता है माथा गरम





**अंबिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरगुजा जिले के अंबिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित विजय संकल्प शंखनाद महारैली को संबोधित किया. इस दौरान पीएम मोदी ने मंच से कहा कि भाजपा ने जब मुझे प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था, तब अंबिकापुर में ही आपने लाल किला बनाया था. कांग्रेस की टोली ने उस समय मुझ पर बहुत हमला बोल दिया था, ये लाल किला कैसे बनाया जा सकता है, अभी तो प्रधानमंत्री का चुनाव बाकी है. बात का बवंडर बना दिया था. लेकिन आपकी सोच से वही मोदी लाल किले पर पहुंचा और राष्ट्र के नाम संदेश दिया. आज अंबिकापुर क्षेत्र फिर वही आशीर्वाद दे रहा है, फिर एक बार मोदी सरकार. कुछ महीने पहले मैंने आपसे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस का भ्रष्टाचारी पंजा हटाने के लिए आशीर्वाद मांगा था, आपने मेरी बात का मान रखा और भ्रष्टाचारी पंजे को साफ कर दिया. आज दिखिए आप सबके आशीर्वाद से सरगुजा की संतान, आदिवासी समाज की संतान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश के सपने को साकार कर रहा है. मेरे अनन्य साथी विष्णुदेव साय ने रॉकेट की गति से सरकार चलाई है. मई आपके विकसित भारत और छत्तीसगढ़ के लिए आशीर्वाद मांगने के लिए आया हूं।

पीएम मोदी ने कहा, जब मैं विकसित भारत कहता हूं, तो कांग्रेस वालों का और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है. अगर भारत शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल ही बिगड़ जाएगा. आज अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी. इसलिए वो भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं. ऐसी कांग्रेस सरकार जो आपस में लड़ती रहे, घोटाले करती रहे कांग्रेस का इतिहास सत्ता के लालच में देश को तबाह करने का रहा है, देश में आतंकवाद और नक्सलवाद किसके कारण बढ़ा. कांग्रेस का कुशासन और लापरवाही यही कारन है कि देश बर्बाद होता गया. भाजपा सरकार आतंकवाद और नक्सलवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है. लेकिन कांग्रेस फैला हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है. इतना ही नहीं जो लोग लोगों को मरते हैं उन्हें कांग्रेस वाले शहीद कहते हैं. जब आप ऐसे लोगों को शहीद कहते हो न देश के वीरों का अपमान करते हो। इसी कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता, आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाती है. ऐसी ही करतूतों के कारण कांग्रेस देश का भरोसा खो चुकी है. कांग्रेस के मेनिफेस्टो को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि जिस दिन उनका घोषणा पत्र आया उसी दिन मैंने कहा दिया था कांग्रेस का मेनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग की छाप है।

### आरक्षण पर पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा

वोट बैंक की भूखी कांग्रेस ने कभी महापुरुषों की बातों की परवाह नहीं की. बाबा साहब आंबेडकर के बातों की परवाह नहीं की. कांग्रेस ने वर्षों पहले आंध्र प्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास किया था. फिर कांग्रेस ने इसको पूरे देश में लागू करने की योजना बनाई. इन लोगों ने धर्म के आधार पर 15 प्रतिशत आरक्षण की बात कही. और ये भी कहा कि एससी, एसटी और ओबीसी का जो कोटा है उसे कम करके कुछ लोगों को आरक्षण दिया जाए. 2009 के अपने घोसणा पत्र में कांग्रेस ने यही इरादा भी जताया. 2014 के भी कांग्रेस के मेनिफेस्टो में इन्होंने साफ-साफ था इस मामले को कभी छोड़ेंगे नहीं।

### कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने और एक पाप किया

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने और एक पाप किया. मुस्लिम समुदाय में जितनी भी जातियां हैं सबको उन्होंने ओबीसी कोटा में डाल दिया. यानी जो हमारे देश के ओबीसी समाज को लाभ मिलता था उसका बड़ा हिस्सा कट गया. कांग्रेस ने भारत के सेक्युलरिज्म की हत्या की. पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस की नजर केवल आपके आरक्षण पर ही नहीं है. आपकी कमाई, मकान, दुकान खेत खलिहान पर है. कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि ये देश के हर घर, हर अलमारी हर परिवार की संपत्ति है एक्स-रे करेंगे. हमारी माता-बहनों के पास जो थोड़ा बहुत स्त्री धन (गहने-जेवर) होता है कांग्रेस उसकी भी जांच कराएगी. वो कहते हैं हम एक्वाली डिस्ट्रीबियूट कर देंगे. आपको मालूम हैं न आपसे लूटकर वो किसको देंगे ? क्या आप ये करने देंगे?

## आदिवासियों का मान-सम्मान बढ़ाने वाले पीएम मोदी ही हैं: सीएम विष्णुदेव साय



**अंबिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासियों की सबसे पिछड़ी जनजाति कोरवा, बिरहोर, बैगा, कमार, अबूझमाड़िया जनजाति के लोगों के लिए पीएम जनमन योजना लागू की है. वन धन योजना लागू कर आदिवासियों को वनोपज का ऊंचा दाम देने का काम किया है. सरकार की सारी सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है. देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू विराजमान हैं. छत्तीसगढ़ में पहली बार कोई आदिवासी का बेटा मुख्यमंत्री बना है। अंबिकापुर की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि ये गौरव का विषय है कि आज पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री आज सरगुजा की धरती पर हैं. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जननायक और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं. जो देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हुए उनके सुख-दुःख की सदैव चिंता करते हैं। मुख्यमंत्री ने मंच पर बैठे प्रधानमंत्री से कहा कि उनकी दी हुई गारंटी पर विश्वास करके सरगुजा संभाग की जनता ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया और संभाग की सभी 14 सीटों पर कमल खिलाया, साथ ही कांग्रेस के भ्रष्टाचारी पंजे को साफ कर दिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए उनकी सरकार पूरी तरह वचनबद्ध है. हमारी सरकार ने शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दे दी है. 12 लाख किसानों को 2 साल का 3716 करोड़ रुपए का बकाया बोनस दे चुके हैं. 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी है. विष्णुदेव साय ने कहा कि न केवल समर्थन मूल्य के अंतर की राशि एकमुश्त उनकी सरकार ने किसानों के खाते में ट्रान्सफर किये वरन महिला शक्ति के लिए लागू उनकी योजना महतारी वंदन योजना के दूसरे महीने की राशि भी उनके खातों में ट्रांसफर कर दी है. उन्होंने कहा कि रामलला दर्शन योजना की शुरुआत भी उनकी सरकार ने कर दी है. साथ ही 5500 रुपये प्रति मानक बोरा के दर से तेंदूपत्ता खरीदी के आदेश भी दे दिए हैं और बोनस की शुरुआत भी कर दी है। सीएम साय ने विशाल जनसमूह से सरगुजा से लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज को प्रचंड मतों से जिताकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आशीर्वाद मांगा। शंखनाद रैली में मंत्री गण रामविचार नेताम, श्यामबिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज, विधायक गण रेणुका सिंह, अमर अग्रवाल, प्रबोध मिंज, राजेश अग्रवाल, शकुन्तला सिंह पोर्ते, रामकुमार टोप्पो, भूलन सिंह मरावी, उद्देश्वरी पैंकरा, पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, पूर्व सांसद कमलभान सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## हार की हताशा से आंय-बांय बोल रहे हैं कांग्रेसी - विष्णु देव साय

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह सहित शीर्ष भाजपा नेताओं के छत्तीसगढ़ में हो रहे लगातार चुनावी प्रवास पर कांग्रेस द्वारा इसे भाजपा के हार का डर बताने वाले बयान पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस को अपनी हार स्पष्ट दिख रही है इसलिए वो कुछ भी आंय-बांय बोल रही है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए श्री साय ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में 36 बड़े-बड़े वादे किये, लेकिन पूरा एक भी नहीं किया। पांच साल छत्तीसगढ़ की जनता को ठगने का काम किया। जिसका परिणाम था कि 2023 के चुनाव में कांग्रेस को सरकार से हाथ धोना पड़ा। अब उसके पास कहने के लिए कुछ नहीं है, कोई मुद्दा नहीं है। सीएम साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में बहुत अच्छी स्थिति में है। यहाँ के लोगों में मोदी जी के 10 साल के कार्यों और हमारी सरकार के 3 महीने के कार्यों पर पूरा विश्वास है, जनता उत्साहित है। मोदी के गारंटी के तहत माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना का दो किश्त भेज चुके हैं। किसानों को धान के दो वर्ष का बकाया बोनस और धान के अंतर की राशि 13,320 करोड़ रुपए दी जा चुकी है। श्रीरामलला दर्शन योजना की शुरुआत भी हो गई है। तेंदूपत्ता प्रति मानक बोरा 5500 रुपए में खरीदी का भी आदेश हो चुका है। जिसका लोगों में अच्छा असर है और जनता के आशीर्वाद से हम प्रदेश की पूरी 11 की 11 सीटें जितने जा रहे हैं।

## लाल आतंक का साथ छोड़ 18 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण




**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार पुलिस को सफलता मिल रही है. लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 18 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. ये सभी भैरमगढ़ और मलांगेर एरिया कमेटी में सक्रिय थे। पुलिस की अपील का माओवादियों पर व्यापक असर हो रहा है. हिंसा की राह छोड़कर लोकतंत्र और सविंधान में विश्वास जताते हुए 'लोन वर्राटू अभियान' से प्रभावित होकर 18 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है. आत्मसमर्पित माओवादी भैरमगढ़ और मलांगेर एरिया कमेटी में सक्रिय थे. ये सभी माओवादी नक्सली बंद के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना और नक्सली बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे. बता दें कि लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 177 इनामी माओवादी समेत कुल 738 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547